## 15. Ask businesses to source responsibly

उपयोग की जानेवाली वैसी ब्रांडेड सामग्री, जिसके बारे में आप सुनिश्चित होना चाहते हैं कि वह पर्यावरण के लिए हानिकारक नहीं है आप निर्माता कम्पनी से उस सामग्री से वातावरण पर पड़ने वाले प्रभाव की जानकारी प्राप्त करें।

## 16. Minimize waste

किसी सामग्री के अनावश्यक उपयोग से बचें या उनका पुनः उपयोग करें ताकि कम से कम अपशिष्ठ बने। अपनी खाद्य सामग्री स्वयं उपजाने का प्रयास करें।

## 17. Learn about biosafety

जैव प्रौधोगिकी से प्राप्त अनुवांशिक रूप से संशोधित जीवों (GMOs) के उपयोग एवं उसका परिवहन जैव विविधता पर प्रतिकूल प्रभाव एवं मानव स्वास्थ्य के जोखिमों को ध्यान में रखते हुए करें।

## 18. Support biodiversity

जैव विविधता के समर्थक कम्पनियों में ही विनिवेश करें।

## 19. Support environmental organizations

पर्यावरण को बहाल करने या संरक्षित करने का कार्य करने वाले संगठनों की मदद करें या उनकी गतिविधियों में भाग लें।

## 20. Raise biodiversity awareness

जैव विविधता के प्रति लोगों को जागरूक करें एवं इससे संबंधित अपना ज्ञान को परिवार, समाज एवं समुदायों में साझा करें।

## 21. Empower someone

किसी निर्णय से प्रभावित होने वाले लोगों के विचारो को सुनें एवं तद्नुसार अपने निर्णय लें।

## 22. May is Biodiversity Day!

जैव विविधता दिवस समारोहों में भाग लें या स्वयं आयोजित कर लोगों को उसमें सम्मिलित करें।


**बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद**

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

5वाँ तला, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि॰ परिसर

शस्त्रीनगर, पटना – 800023



Diksha Art & Prints

+91-9431436534

ISO: 19001:2015


बिहार सरकार

# BIODIVERSITY DAY

# जैव विविधता दिवस

# 22 MAY

**BIODIVERSITY DAY 22 MAY**

Biodiversity remains the answer to several sustainable development challenges. From nature-based solutions to climate, health issues, food and water security, and sustainable livelihoods, biodiversity is the foundation upon which we can build back better.

जैव विविधता संवहनीय विकास की कई चुनौतियों का सदा से समाधान रहा है। जलवायु, स्वास्थ्य समस्या, खाद्य एवं जल सुरक्षा तथा स्थायी आजीविका के प्रकृति आधारित समाधान से लेकर उनकी पुनर्प्राप्ति का आधार जैव विविधता ही है।

## जैव विविधता संरक्षण के २२ कार्य बिन्दु, जिसमें सभी अपना योगदान दे सकते हैं।

### 1. Clean up an area around you

अपने आस पास के क्षेत्र की सफाई करें एवं ऐसा करने वालों का सहयोग करें साथ ही आस पास के जैव विविधता हॉट स्पॉट की पहचान कर उसकी रक्षा हेतु कदम उठाऐं।

### 2. Restore an area, near orfar

Eco restoration की दूरस्थ परियोजनाओं में सहयोग करें। व्यक्तिगत रूप में अपने आस पास के क्षेत्र को पुनरूद्धार करें तथा एक विशेषज्ञ के रूप में मिट्टी को उसे दूषित करने वाले कारकों में बचाऐं।

### 3. Take pictures not samples

प्रकृतिक स्थलों से नमूने न लेकर केवल उनका छायांकन करें।

### 4. Help animals, big and small

वन्यप्राणियों के आश्रयणियों/पुनर्वास केन्द्रों की मदद करें तथा संकट से घिरे जानवरों की सहायता करें।

### 5. Prevent the spread of zoonotic diseases

जलस्त्रोतों, पारिस्थितिक तंत्र को साफ तथा अपशिष्ट शून्य करते हुए जैव विविधता क्षेत्रों को अतिक्रमण से बचाकर प्राणि जन्य रोगों के प्रसार को रोकें।

### 6. Plant (native) trees, shrubs and plants

देशज वृक्षों, झाड़ियों की प्रजातियों के पौधे लगाकर स्थानीय जीवों के लिए वासस्थान एवं खाद्य स्त्रोंतों को बढ़ाएँ। विशेषज्ञ लोग आक्रामक एवं गैर–देशज प्रजातियों से निजात पाने के तरीके खोजें।

### 7. Consume responsibly

पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य को बिना हानि पहुँचाए उत्पादित स्थानीय खाद्य पदार्थों का उपयोग करें।

### 8. Save energy

अपने घर तथा कार्यालय में नवीनीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों का उपयोग करें एवं गैर जरूरी उपकरणों/रौशनी को बंद कर जीवाश्म इंधन का उपयोग कम करें।

### 9. Share

आवश्यकता से अधिक सामानों को जरूरत मदों के बीच साझा करें एवं उनका पुन उपयोग कर अपशिष्ठ को न्यूनतम करें।

### 10. Buy biodiversity-friendly products

प्रामाणिक खाद्य पदार्थों का ही उपयोग करें। जो खाद्य पदार्थ प्रमाणिक नहीं है उनके उत्पादन की विधि एवं जैव विविधता पर उसके प्रभाव पर विचार कर ही उनका उपयोग करें।

### 11. Help someone stop smoking

स्वस्थ वातावरण में ही जन स्वास्थ्य में सुधार होता है। इस परिपेक्ष्य में किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य में सुधार लाने में उसकी सहायता करें। धूम्रपान, मद्यपान तथा अन्य किसी तरह का नशे से मुक्ति दिलाने में सहायता कर, उनके स्वास्थ्य में सुधार के लिए प्रोत्साहित करें।

### 12. Enjoy urban biodiversity

शहरी जीवन में प्राकृतिक स्थलों यथा पार्क आदि का बहुत महत्व है। अपने आस पास पेड़–पौधे लगाकर पार्क या प्राकृतिक स्थल जैसा परिवेश का निर्माण करें।

### 13. Support companies committed to ethical standards

वैसी कम्पनी जो स्थानीय समुदाय के अधिकारों को अक्षुण्य रखने का कार्य कर रही हैं उनकी सहायता करें।

### 14. Change one habit that is negative for biodiversity

एकल उपयोग या गैर अपधटनीय (non-degradable) सामग्रियों के उपयोग को रोकने में दूसरों की सहायता करें एवं जैव विविधता के लिए नकारात्मकता को बदलें।